# ममता को शर्मसार करती तस्वीर आई सामने
# डस्टबिन से फेंकते नजर आई नवजात शिशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मानवता और मानवता को शर्मसार करते सीसीटीवी में कैद एक वीडियो सामने आया जहां बच्चे को जन्म देने के बाद अविवाहित मां ने डस्टबिन में रखकर नवजात को फेंक दिया। जब शव को कुत्तें नोंच रहे थे तभी किसी की नजर पड़ी और पुलिस को जानकारी दी गई। छिंदवाड़ा की शांत फिजा में ऐसे मामले अब आने लगे है। सुनकर और सोचकर आम जनमानस में युवती की मजबूरियों और बेबसी को लेकर भी चर्चाओं का दौर चल रहा है। मां के साथ साथ युवती को मां बनाने वाला युवक भी बुराबरी का भागीदार है। फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त से दूर है। तामिया में हुए प्यार के उपरांत बिन बिहाई मां की यह करतूत अब उसे जेल की हवा खिलाएगी। पुलिस जांच में जुट गई है।

### क्या है मामला



कोतवाली थाना अंतर्गत नवजात शिशु की मौत के मामले में पुलिस ने एक युवती पर अपराध दर्ज कर लिया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जिसमें युवती नवजात को डस्टबिन में फेंकते हुए दिखाई दे रही है। इस मामले में प्रेम सबंध के चलते अवैध सबंध और उसके बाद अवैध गर्भपात सामने आया है। पुलिस जांच में अब तक सामने आया है कि तामिया से शुरू हुए इस प्रेम सबंध का अंत अवैध गर्भपात पर खत्म हुआ है। दरअसल ये पूरा घटनाक्रम चौरसिया मोहल्ले की बताई जा रही है। जहां सात माह के नवजात मिलने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। जहां मौके पर पहुँचकर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। घटना के 2 दिन बाद पुलिस को कुछ सीसीटीवी हाथ लगे जिसमे एक युवती नवजात को फेंकते हुए दिखाई दी। शहर में किराए का कमरा लेकर रह रही संदिग्ध युवती को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू की गई, जहां युवती के प्रेम सबंध का खुलासा हुआ। इस मामले में संलिप्त युवक फिलहाल फरार बताया जा रहा है। इनकी प्रेम कहानी तामिया क्षेत्र से जुड़ी है। पुलिस को जब सूचना दी गई तब सात माह के नवजात को कुते नोच रहे थे। जहां मोहल्ले के लोगों द्वारा कुत्तों को भगाकर पुलिस को सूचना दी गई। जहां पुलिस ने नवजात की जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां उस मृत घोषित कर दिया गया।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया संबोधित
## भाजपा 4 लाख कार्यकर्ताओं के माध्यम से लगाएगी 4 लाख पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के अध्यक्षता में एवं जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, परमजीत सिंह विज एवं श्रीमती कांता ठाकुर की विशेष उपस्थिति में जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा भारतमाता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं राष्ट्रगान वंदे मातरम्के गायन कर किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय द्वारा आगामी समय के लिए कुछ विशेष संगठनात्मक कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं उन कार्यक्रमों के लिए समय सीमा भी निर्धारित की गई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को प्रमुखता से चला रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस अभियान के द्वारा संपूर्ण देश को हरा भरा करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम भाजपा के सभी पदाधिकारियों को एक एक पेड़ अपनी अपनी मां के नाम से लगाना है साथ ही 4 साल तक उन पेड़ों का पालन पोषण भी करना हैं।

# नागपुर व जबलपुर से संचालित होने वाली ट्रेनों को छिन्दवाड़ा होकर संचालित करने की मांग

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रेल मंत्री को लिखा अहम पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी ने केन्द्रीय रेल मंत्री को अति महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने नागपुर एवं जबलपुर से होकर चलने वाली ट्रेनों को छिन्दवाड़ा होकर संचालित करने की मांग रखी है। नागपुर व जबलपुर होकर गुजरने वाली ट्रेनों को छिन्दवाड़ा होकर संचालित किए जाने की लगातार उठ रही मांगों को दृष्टिगत रखते हुए माननीय कमलनाथ जी ने केन्द्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने चार ट्रेनों को छिन्दवाड़ा से होकर संचालित करने की मांग की है। इन सभी एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालित होने से जहां एक ओर छिन्दवाड़ा जंक्शन पर रोजगार व व्यापार के नए अवसर उपलब्ध होंगे साथ ही यात्रियों की सुविधाओं में भी इजाफा होगा। श्री नाथ ने केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में उल्लेख किया कि छिन्दवाड़ा जिले की सेवा करते हुए 45 वर्ष बीत चुके हैं, इसीलिये इस क्षेत्र की आवश्यकताओं व आमजन की आकांक्षाओं से भली भांति परिचित हूं। श्री नाथ ने अपने पत्र में आगे लिखा कि नागपुर-पांढुर्ना-खंडवा श्री दादाजी धूनीवाले धाम (दादा धाम एक्सप्रेस) कोराना संक्रमण काल से बंद है। जिसके चलते दादा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अविलम्ब इस ट्रेन को पुनः प्रारंभ किया जावे। नागपुर, इटारसी व जबलपुर होकर चलने वाली एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों को सिवनी होते हुए छिन्दवाड़ा से प्रारंभ कर या फिर वहीं समाप्त किया जा सकता है। ऐसा करने से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में रेल सुविधा का विस्तार होगा साथ ही यात्रियों का सफर भी आसान हो जाएगा।

# जगह-जगह खड़ी बसों पर जताई कलेक्टर ने नाराजगी

### कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक, दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में यह बात स्पष्ट की कि जिले में कई स्थानों पर अब भी निजी बसें अव्यवस्थित ढंग से खड़ी की जा रही हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति में नियमित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और संबंधित बस मालिकों के विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही हो। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि यदि मीडिया या अन्य माध्यमों से उनके विभाग के संबंध में कोई भ्रामक अथवा गलत जानकारी प्रसारित की जाती है, तो उसका तत्काल खंडन जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति स्पष्ट करना अनिवार्य है, ताकि आम जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

गोद लिए गए स्कूलों का निरीक्षण अनिवार्य- कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके द्वारा गोद लिए गए स्कूलों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इन स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं, स्वच्छता और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो।

श्री सिंह ने पूर्व की समीक्षा बैठक में डीपीसी को निर्देशित किया था कि कक्षा 6वीं में 100% नामांकन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में डीपीसी द्वारा बताया गया कि अब तक 90% ही प्रवेश हो सके हैं, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री सिह ने उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक पूर्ण नामांकन नहीं होता, तब तक वेतन नहीं दिया जाएगा।

### गर्भवती महिला को गेट पर हुआ प्रसव

बैठक में यह मामला भी सामने आया कि छिंदी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गेट बंद होने के कारण एक गर्भवती महिला को अस्पताल के बाहर ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। कलेक्टर श्री सिंह ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित बीएमओ का एक सप्ताह का वेतन रोकने और एएनएम की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि बीएमओ एवं एएनएम निर्धारित समय पर अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर उपस्थित रहें। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, प्रभारी एडीएम श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल कुमार पटेल, उप संचालक सामाजिक न्याय श्री पी. राजौदिया, आयुक्त नगर निगम श्री सी. पी.राय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## लॉ कॉलेज में आत्मनिर्भरता विषय पर आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

छिंदवाड़ा। शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा आत्मनिर्भरता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विधिवत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मानव चेतना विकास केंद्र के डॉ. अभय वानखेड़े ने आत्मनिर्भरता, निर्णय क्षमता मानवता की परिभाषा के बारे मे विस्तार से बताये। कार्यक्रम में छात्रा अमृता सनोड़िया, उपासना लोखंडे, पारुल कुमरे के द्वारा राज्य आनंदम संस्थान के सहयोग से संचालित मानव चेतना विकास केन्द्र से एक महीने के प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। जिन्होंने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण से प्राप्त अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में महविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीके अकोदिया, प्राध्यापक डॉ दमयंती कटरे,डॉ कमलाकर मोटघरे , राकेश कुमार कोष्टी कमलेश चरपे एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत मे डॉ स्नेहा कुमारी के द्वारा आभार व्यक्त किया।

# यूरिया के लिए उमड़ी किसानों की भीड़

### व्यवस्था संभालने में प्रशासन हुआ परेशान, जमकर चल रही कालाबाजारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही छिंदवाड़ा जिले में यूरिया की आपूर्ति शुरू हो गई है। बीते दो दिनों में इफको एवं आईपीएल कंपनियों की दो रेकों के माध्यम से 4100 मीट्रिक टन यूरिया जिले में पहुंच चुका है, जिसका वितरण मार्कफेड गोदामों, प्राथमिक सहकारी समितियों और चिन्हित निजी विक्रेताओं के माध्यम से किया जा रहा है।सोमवार से पूरे जिले में तेज़ गति से यूरिया वितरण प्रारंभ किया गया। इस दौरान अमरवाड़ा कृषि उपज मंडी प्रांगण में यूरिया लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे प्रशासन को व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाई का सामना करना पड़ा।इधर, ब्रह्मपुत्र और चंबल कंपनियों की दो अन्य रेकें भी छिंदवाड़ा पहुंच चुकी हैं, जिनसे अगले एक-दो दिनों में अतिरिक्त 3000 मीट्रिक टन यूरिया जिले में वितरित किया जाएगा।कलेक्टर शीलेंद्र सिंह स्वयं प्रतिदिन यूरिया की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सभी एसडीएम, कृषि विभाग, मार्कफेड और सहकारिता विभाग को निर्देश दिए हैं कि खाद का वितरण नियमबद्ध, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से किया जाए, ताकि कोई भी किसान वंचित न रहे। प्रशासन ने यह भी तय किया है कि अब निजी विक्रेताओं के माध्यम से होने वाला यूरिया वितरण कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में होगा। इसका उद्देश्य कालाबाज़ारी, टैगिंग और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकना है।

### टैगिंग और कालाबाज़ारी पर सख्त चेतावनी

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई विक्रेता शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया बेचते हुए या अन्य वस्तुओं के साथ जबरन बिक्री (टैगिंग) करते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में विक्रेताओं का लाइसेंस रद्द या निलंबित किया जा सकता है। किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे केवल अपनी तात्कालिक जरूरत के अनुसार ही यूरिया लें।

## महापौर अहाके ने किया खजरी गौशाला का भ्रमण कर पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोउन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी गौशाला का नगर पालिक निगम महापौर विक्रम आहाके ने भ्रमण कर पौधारोपण किया । इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि इस गौशाला में लगभग 850 गाय निवासरत हैं । जिसमें से लगभग 600 गायें कत्ल खाने से बचाई गई पुलिस अभिरक्षा की हैं । जिनको नया जीवन देने का सफल प्रयास किया गया है । यह गोशाला म.प्र. की आदर्श गौशाला है । दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्मानित कर चुकें हैं । समय - समय पर आई. ए. एस. ( कलेक्टर ) प्रशिक्षु यहाँ आते रहें हैं । आसपास के जिलों के पशुपालक और कृषक यहाँ गौशाला और जैविक खेती के गुर सीखने आतें हैं । शास्त्रों में आता हैं : गायों में 33 कोटि देवताओं का निवास होता हैं । गाय समस्त मानवजाति के लिए वरदान है । महापौर विक्रम आहाके ,निगम के कदावर नेता मनोज सक्सेना ने गायों के रखरखाव पर प्रसन्नता जाहिर की । उनके चारा और अनाज की व्यवस्थित व्यस्था को देखा । जैविक खेती का सुंदर नाजारा के साथ गोबर गैस प्लांट , सोलर इलेक्ट्रिक सिटी सिस्टम 350 किलोवाट का देख कर अभिभूत हुए।

# दो पुलिस कर्मी जनता को करते है प्रताड़ित: जिला भाजपा अध्यक्ष

### जिला पुलिस अधीक्षक से की कारवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहने के लिए थाना पांढुर्ना में पदस्थ अशोक हरसूले एवं पुष्पेंद्र सिंह पर उचित कारवाई किए जाने के संबंध में एसपी सुंदर सिंह कनेश को पत्र लिखा है। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के पत्र में इन दोनों पुलिस कर्मियों द्वारा लोगों को आर्थिक शोषण के उद्देश्य से अनैतिक रूप से प्रताडित किए जाने का उल्लेख किया है। इन दोनों द्वारा लोगों को झूठी धाराओं में फंसाने भय दिखाया जाता है, ऐसी अनेक लिखित एवं मौखिक शिकायतें पिछले कुछ माह से लगातार प्राप्त होने का उल्लेख जिला भाजपा अध्यक्ष के पत्र में किया गया है। हाल में ही तृणाल बोकडे नामक व्यक्ति को अकारण ही दुकान से उठाकर ले जाया गया और पुलिस द्वारा मोबाईल और राशि रख ली गई। जब तृणाल के साथी पुलिस थाना पहुंचकर मामले की पूछताछ करने लगे तो उनके साथ भी धक्कामुक्की करते हुए अभद्रता से पेश आया गया। इस विषय का उल्लेख करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश से उचित कारवाई की मांग की है।

## एसडीएम ने एतश एवं कैप्स कॉलेज में खेल मैदान एवं पार्किंग व्यवस्था बनाने दिए निर्देश

पांढुर्ना। आज कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देश पर एसडीएम अलका एक्का ने अशासकीय महाविद्यालय एतश कॉलेज तथा कैप्स कॉलेज का निरीक्षण किया। इस मौके पर तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, सहा. प्राध्यापक शासकीय विज्ञान महाविद्यालय ललिता धुर्वे निरीक्षण दिल में शामिल थे। एसडीएम अलका एक्का के मार्गदर्शन में दल ने इन दोनों अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यालय कक्ष, संचालित कक्षाएं, कंप्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी तथा प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। एसडीएम अलका एक्का ने एतश कॉलेज प्रबंधन को नशामुक्ति एवं पॉलिथीन मुक्ति अभियान में सहयोग प्रदान करने तथा महिला उत्पीडन समिति के गठन के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रयोगशाला में आवश्यक सुधार करने तथा खेल मैदान एवं पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। कैप्स कॉलेज में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था किए जाने, महाविद्यायीन प्रसाधनगृह में उचित साफ सफाई करने, परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने तथा खेल मैदान एवं पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए।



### मरही माता मंदिर सिंगोड़ी ने बनाए अमरनाथ के बाबा बर्फानी

# सिंगोड़ी में बाबा बर्फानी के भक्तों ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



श्रावण मास के पावन अवसर पर आज मरही माता मंदिर सिंगोड़ी में आज द्वितीय श्रावण सोमवार को भगवान भोलेनाथ का अभिषेक बाबा अमरनाथ की बर्फ की शिवलिंग स्थापित कर रुद्राभिषेक किया गया जिसके बाद सभी लोगों ने बाबा के दिव्य दर्शन किए। ग्यारस होने के साथ साथ श्रावण मास का पावन दिन होने पर प्रातः समय से ही मरही माता मंदिर प्रांगण में पंडित जितेंद्र जोशी के द्वारा भगवान भोले बाबा बर्फानी का पूजन अर्चन कर अभिषेक किया गया सभी लोगों ने ॐ नमः शिवाय के मंत्रोच्चार किया जिससे सारा नगर भगवान भोले के नाम से गुंजायमान हो गया।भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ महाआरती की और महाप्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर भक्तों का दिन भर तांता लगा रहा। सभी लोगों ने भोले बाबा बर्फानी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किए और अपनी मनोकामनाएं मांगी और कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे।

## महाकाल मंदिर समिति सिंगोड़ी ने निकाली कांवड़ यात्रा

सिंगोड़ीः गगन में गूंजता 'हर-हर महादेव'। कांधे पर गंगाजल ...पांवों में आस्था की गति और माथे पर भक्ति की ललकार लिए सिंगोड़ी महाकाल मंदिर समिति और महिलाएं हाथो और कांधे में कांवड़ लिए नगर भ्रमण को निकली। कांवड़िए ने गंगाजल लेकर महादेव मंदिर से होकर निकले जो पूरा नगर भ्रमण कर ग्राम का सारा वातावरण को शिवमय कर दिया।आस्था के सैलाब के बीच द्वितीय सोमवार को कांवड़ यात्रा पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर समस्त शिवभक्तों का अभिनंदन किया। यात्रा की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने का संदेश दिया। समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांवड़ यात्रा सामाजिक समता का उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। इसमें बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सब शामिल हैं। अंत में विभिन्न मंदिरों में जल अर्पित कर समस्त कांवड़िए महाकाल मंदिर पुलिस चौकी सिंगोड़ी पहुंचे जहां महाआरती के साथ विशाल फलाहारी भंडारा का महाप्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर अनेक भक्तगण मौजूद रहे।



## जामसांवली मंदिर में पूर्व गृहमंत्री देशमुख ने टेका माथा

सौंसर। सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ट नेता अनिल देशमुख ने चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसावली मंदिर में पहुंचकर श्री मूर्ति की पूजा अर्चना की। इस दौरान चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा के द्वारा पूर्व गृहमंत्री श्री देशमुख वैभव दलवी, प्रशांत भोसले, शेखर कोल्हे, वसंतराव चांडक का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सत्कार किया। इस अवसर परअशोक पाटिल ठाकरे, अजिंक्य ठाकरे, संकल्प ठाकरे, सरंपच मनोज ठाकरे, प्रशांत ठाकरे, मोहन मांगे,सुनील भांगे, प्रशांत महाले आदि उपस्थित थे। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी के द्वारा पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य के साथ ही भविष्य में निर्माण होने वाले हनुमान लोग के संबंध में जानकारी दी।मंदिर पहुंचने पर श्री देशमुख ने कहा कि, यह मंदिर आस्था, चमत्कार और जनविश्वास का केंद्र है। यहाँ की दिव्यता और वातावरण में जो सकारात्मक ऊर्जा है, वह आत्मा को शांति प्रदान करती है। मैंने हनुमान जी से महाराष्ट्र की सुख-शांति, जनता की सुरक्षा और समाज के कल्याण की प्रार्थना की है।



Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 Year
M.Sc. CS
DCA/PGDCA
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara
Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

### संगठन द्वारा प्रबंधन पर मांगों को पूरा करने के लिए बनाया भरपूर दबाव

# मांगे पूरी करने के वादे पर कोयला श्रमिकों की खत्म हुई हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

कोयला श्रमिक सभा एचएमएस पेंच क्षेत्र द्वारा की जा रही क्रमिक भूख हड़ताल के परिणाम स्वरूप नेहरिया प्रबंधन सोमवार को अपने घुटने पर आ गया । संगठन द्वारा मजदूरों की विभिन्न मांगो को लेकर हड़ताल बैठाई गई थी । संगठन द्वारा प्रबंधन पर मांगो को पूरा करने के लिए भरपूर दबाव बनाया गया । परिणाम स्वरूप सोमवार 21 जुलाई को संगठन की मांगों को पूरा करने अपनी सहमति प्रदान की । जिसके उपरांत क्रमिक भूख हड़ताल को समाप्त किया गया । संगठन के आव्हान पर पदाधिकारियों ने दिया भरपूर समर्थन भूख हड़ताल में दिया ।हड़ताल को सफल बनाने में बुद्धिसागर , सुनील तिवारी , अख्तर अंसारी , विकास पवार , अनिल दिवाकर , तारण यदुवंशी , विजय बुनकर एवं सभी पदाधिकारियों ने भरपूर योगदान प्रदान किया । जिसके लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी , आई आर प्रभारी अब्दुल आरिज , दीनानाथ यादव , कार्यकारी अध्यक्ष शरद सोलंकी , कल्याण समिति सदस्य मंगेश मुंदेकर , शकील खान , रमेश बुनकर , जयराम ने सभी पदाधिकारियों को हार्दिक आभार व्यक्त किया ।

## क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी की क्षेत्रीय महाप्रबंधक से शिकायत

**परासिया :** वेकोली के केंद्रीय चिकित्सालय में पदस्थ क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी की , पेंच कोयला क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक से शिकायत की गई है । यह शिकायत श्रमिक संगठन इंटक के संयुक्त महामंत्री अलाउद्दीन खान ने की है । बता दें , कि बड़कुही अस्पताल में जे राय क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी है । महाप्रबंधक को की गई शिकायत में श्री खान ने कहा है , कि चिकित्सा अधिकारी वेकोली के कामगारों और उनके आश्रितों को डब्ल्यू सी एल के केन्द्रीय चिकित्सालय बड़कुही में पदस्थ क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी पेंच क्षेत्र डा. जे.राय के द्वारा मरीजों को ईलाज के दौरान अनावश्यक परेशान किया जा रहा है । जैसे , कि मरीजों द्वारा वेकोलि के इम्पेंनल्ड हास्पिटल में रिफर के दौरान मरीज द्वारा जो हास्पिटल लिखकर दिया जाता है , उसे क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा काट दिया जाता है एवं यह कहा जाता है , कि आपको जिस हास्पिटल में मेरे द्वारा भेजा जा रहा है वहीं पर ही ईलाज कराना होगा । जो मरीज पिछले 1 - 2 वर्षों से जिस हास्पिटल में ईलाज करवा रहे हैं , उसे फॉलोअप के लिये वहीं जाना पड़ता है , उसे भी क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा उस हास्पिटल में फॉलोअप के लिये नहीं भेजा जा रहा है। जबकि मरीज का यह पूर्ण अधिकार है जिस इम्पेनल्ड हास्पिटल, में वह जाना चाहे वह जा सकता है । यह भी देखा जा रहा है कि जिस दिन क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी अवकाश में रहती हैं , उन दिनों के लिये वह वरि. चिकित्सक को चार्ज न देकर उनसे जूनियर डाक्टर को चार्ज देकर जाती हैं । जो कि पूर्णतः गलत है । नियमानुसार स्वयं के अवकाश में रहने पर सीनि. डाक्टर को चार्ज दिया जाना चाहिये । क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी की ऐसी अनेक प्रकार की अनियमितताएँ हैं जिसका पत्र में उल्लेख करना संभव नहीं है । क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी पेंच क्षेत्र की उक्त कार्यप्रणाली से मरीजों में एवं चिकित्सकों के बीच भारी असंतोष एवं आक्रोश है। अतः श्रम संघ आपसे आग्रह करता है , कि तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डा.राय को दिशा - निर्देश जारी करें , कि वह अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लायें एवं नियमानुसार कार्य का निष्पादन करें एवं की गई कार्यवाही से श्रम संघ को अवगत कराने का कष्ट करें ।

## अधिक बारिश के कारण दो मकान की दीवार ढही

**दमुआ।** वार्ड नंबर 11 दमुआ नंबर 12 में रहवासियों के मकान की दीवार अधिक बारिश के दौरान गिर गई जिससे कि मकान मालिकों को भारी नुकसान हुआ है गरीब मकान मालिक साहेबराव विश्वकर्मा के घर की दीवार का बड़ा हिस्सा बारिश के कारण गिर गया जिससे उन्हें बहुत अधिक नुकसान हुआ इनके मकान की दीवार का बड़ा हिस्सा पड़ोस में रहने वाले संजय बड़बड़े संजू मासाब की दीवार पर जा गिरा जिससे कि मासाब की दीवार भी पूरी तरह गिर गई जिससे वहा रखा सोफा सेट पूरी तरह से टूट गया एवं साहेबराव विश्वकर्मा के मकान को ज्यादा क्षति हुई एक कमरा पूरी तरह से तहस नहस बर्बाद हो गया गनीमत यह हुई कि जिस समय दीवार गिरी उस समय घर के लोग अन्य कमरों में थे अन्यथा कोई बड़ी जनहानि हो जाती मकान मालिकों ने वार्ड पार्षद को इसकी सूचना दी एवं पटवारी शत्रुघ्न सिंह जी को इसकी सूचना दी गई उन्होंने भरोसा दिलाया कि शासन की योजना के तहत उन्हें राहत देने के लिए शासन के समक्ष प्रकरण बनाकर प्रस्तुत करेंगे जिससे उन्हें राहत मिल सके।



# सड़क में पानी की तराई में ठेकेदार कर रहा कोताहीं

### मटेरियल में भी कमी कर पैसा बचाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन में कायाकल्प - 2 योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण कार्य जारी है । जिसे इसका ठेका दिया गया है , वह ठेकेदार पैसा बचाने के लिए तरह - तरह के जतन कर रहा हैं । कहीं पानी तराई में कोताही की जा रही है , तो कहीं कम मटेरियल का उपयोग हो रहा है । जब स्थानीय लोग और पार्षद अधिकारीयों से शिकायत कर रहे हैं , तब काम में सुधार हो रहा है ।न्यूटन नगर पंचायत में वार्ड 5 , 6 और 7 में जे के नामक कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण किया जा रहा है । वार्ड 5 में बैंक के बगल और पोस्ट ऑफिस के सामने सड़क निर्माण पूरा हो गया है , पर यहां सड़क में पानी की तराई दिखावे मात्र की , की गई है । ठेकेदार बारिश के भरोसे है । इस वार्ड के पार्षद और लोगों द्वारा जब हल्ला मचाया गया तो प्लास्टिक टंकी में पानी लाकर डाला गया जो सड़क पर गिरते ही नाली में बह गया । सड़क पर पानी देर तक रुके , इसके लिए क्यारी बनाने की या अन्य कोई व्यवस्था नहीं की गई । वार्ड 12 में भी कुछ माह पहले बनाई गई सड़क में बनाने वाले ठेकेदार के द्वारा सड़क पर तराई ठीक से नहीं करने के चलते उस सड़क की गिट्टीयां निकलने लगी है । यहां भी ऐसा ही होने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता । इसी तरह वार्ड 7 में बन रही सड़क में कम मटेरियल उपयोग किया जाता देख पार्षद राहुल गढ़ेवाल ने हो हल्ला मचाया और इंजीनियर से शिकायत की , तब यहां काम में सुधार लाया गया । अभी इसी ठेकेदार को वार्ड 11 , 12 में सड़कें बनानी है , यदि यहां भी पार्षदों और लोगों ने ध्यान नहीं दिया तो ठेकेदार अपने हिसाब से काम करके निकल लेगा और फिर खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ेगा ।



## प्राथमिक सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष हुए नियुक्त

**दमुआ।** प्राथमिक सहकारी समिति कर्मचारी संघ भोपाल के संभाग अध्यक्ष संत कुमार गर्ग एवं संभाग उपाध्यक्ष सुंदरलाल यदुवंषी और प्रदेष प्रभारी एवं समन्वयक दिनेष कुमार द्विवेदी की अनुषंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेष संयोजक अषोक मिश्रा जी, वरिष्ट प्रदेष अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा, सुभाष चन्द्र पवार, की सहमति से नव युवक एवं उर्जावन नेतृत्व को देखते हुये जनाब यासर अरफात उर्फ (बिट्टू) को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया यासर अरफात उर्फ बिट्टू जो कि मोहम्मद नाजिम वरिष्ट सेल्समेन दमुआ के सुपुत्र है और एक वक्त था वर्ष 2006 का सहकारी बैंक की शाखा दमुआ से हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया जिसमें स्वर्गीय धनलाल बचले ब्लाक सचिव बनाये गये। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि सहकारी बैंक शाखा दमूआ से ये दिवाने मंचले अपने का लोहा मनवाते हुये सम्पूर्ण मध्य प्रदेष में संगठन का विस्तार करेगें तथा राज्य शासन से सहकारी समिति में कार्यरत कर्मचारियों कि पहचान बनाकर अनेको सौगात देते हुये सहकारिता के जगत में अपना नाम रोषन करेगें। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जो कि लगातार 14 वर्षो तक प्रदेष अध्यक्ष की भूमिका में अच्छे कार्य किये तथा वर्ष 2019 दिसम्बर से केन्द्र में सहकारिता विभाग नहीं था उस पर पूरा फोकस करते हुये लगातार दिल्ली में "पैक्स कर्मचारी संघ भारत" की न्यू रखते हुये लगातार प्रसास व उच्च स्तर पर संवाद बनाये रखे जिसका परिणाम है कि माह जुलाई 2022 को सहाकारी समितियों जो कि कृषि के क्षेत्र कई प्रकार की थी उसका एकीकरण व राष्ट्रीयकरण कराते हुये "बहुउद्देषीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति" सम्पूर्ण भारत में एक संस्था का विक्रेन्द्रीकरण करवा दिया अब लक्ष कर्मचारियों के भविष्य का है तो शीघ्र केन्द्रीय नेतृत्व के मध्य वार्ता करते हुये "मानव संसाधन नीति एवं केन्द्रीय फंण्ड का निर्धारण कराते हुये समिति कर्मचारियों के वेतन हेतु लाने का प्रयास जारी है यासर अरफात उर्फ बिट्टू की नियुक्ति पर जिला संयोजक मुनीम पटेल, जिलाध्यक्ष उमेष दुबे, प्रदेष प्रतिनिधि संजय बलकी पार्दुना, प्रेमनारायण कहार, छिन्दवाड़ा, प्रदेष महासचिव शेख सलाम अंसारी जिला महासचिव नजीर खान जिलाउपाध्यक्ष श्रीमति सरोज चैहान, जिला सचिव रामचरण बेलवंषी, ब्लाक अध्यक्ष मनोहर यदुवंषी जुन्नारदेव, ब्लाक अध्यक्ष रवि नुन्हारिया तामिया, ब्लॉक अध्यक्ष पवन वर्मा अमरवाड़ा, ब्लॉक उपाध्यक्ष कविता मालवीय, ब्लॉक महासचिव मनोज सूर्या ब्लॉक कोषाध्यक्ष गोकल यदुवंषी, ब्लॉक उपाध्यक्ष राकेश यदुवंषी, ब्लॉक सचिव रविन्द्र विष्वकर्मा एवं दमुआ, छिन्दीकामथ, नवेगांव कला, दमुआ कि सहकारी समिति के समस्त कर्मचारियों ने हर्ष व्याप्त होने के साथ-साथ बधाई दी है।



# जन सहयोग से बनेगा चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर के वार्ड नम्बर 15 एवं 16 के बीच स्थित श्री दुर्गा उत्सव समिति परासिया में विगत कई वर्षो से चौपाल की समस्या थी । पुराना चौपाल बरसात में पानी टपकता है । इस समस्या को देखते हुए वार्ड वासियों ने स्वयं अपने सहयोग से बनाने का निर्णय लिया । सोमवार को सभी वार्ड के नागरिकों ने चौपाल का भूमि पूजन किया । नवल सिंह परिहार ने 10 बोरी सीमेंट , बसन्त मालवी ने 5 बोरी सीमेन्ट एवं अन्य सहयोग मोनू सेंगर ने 10 बोरी सीमेन्ट देने की घोषणा की । सभी वार्ड वासियों ने भी पूर्ण सहयोग की घोषणा की । इस प्रकार वार्ड वासियों के सहयोग से चौपाल का पूर्ण निर्माण होगा । भूमि पूजन कार्यक्रम में नवल सिंह परिहार , बसन्त मालवी मोनू सिंह सेंगर , महेश श्यामकुवर , गौरीशंकर बैस , कल्याण वंशपाल , रजनीश बैस , डॉक्टर रघुवीर डेहरिया , सन्दीप वंशपाल , विक्की मन्दरे , राकेश डेहरिया , दीपक बैस , प्रिंस बुनकर , शानू डेहरिया , इन्द्रेश विश्वकर्मा एवं वार्ड की मात्रशक्तियां उपस्थित थीं । कार्यक्रम का संचालन गौरी शकंर बैस ने किया ।



## विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**परासिया।** नगर की शिक्षण संस्था न्यू ब्लैक डायमंड हाई स्कूल में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण का कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया जिसमें परिसर मे पौधारोपण किया गया मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिजोलिया जी उपाध्यक्ष अमजद खान जी वरिष्ठ नागरिक नारायण प्रसाद शर्मा जी मोहम्मद इरशाद खान जी के द्वारा पौधारोपण किया गया सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं तथा स्कूल के सभी शिक्षकों का इस कार्यक्रम में सहयोग रहा प्राचार्य मोहम्मद इमरान खान द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी को प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।



## शिवभक्तों के लिए जनपद के जनप्रतिनिधियों ने किया भंडारे का आयोजन

### कावड़ियों ओर दर्शनार्थियों की सुरक्षा में प्रशासन मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज लांजी।



सावन मास के दूसरे सोमवार को धर्म नगरी में अनेकों विविध धार्मिक आयोजन किए गए। इसी कड़ी में लाँजी के कोटेश्वरधाम की ओर जा रहे कावड़ियों ओर दर्शनार्थियों के लिए जनपद पंचायत परिसर के सामने जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे द्वारा महाप्रसाद भंडारे व्यवस्था की गई है। बता दें कि सावनमास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर दराज के पवित्र स्थलों से पवित्र जल लेकर भगवान कोटेश्वर नाथ महादेव के दर्शन के लिए कई किलोमीटर दूर की यात्रा कर रहे हैं। प्रशासन ने भी मोर्चा संभालते हुए कावड़ियों की सुरक्षा और सहायता के लिए पूरी तैयारी कर रखी है। और कुछ समाजसेवी संगठनों ने भी आगे आकर शिवभक्तों की मदद का बीड़ा उठाया है। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया हैं। कांवड़ियों ने भी इस सेवा के लिए आभार जताते हुए कहा कि इस तरह की सेवाएं संजीवनी का काम करती हैं। जनपद के जनप्रतिनिधियों द्वारा कावड़ियों एवं मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए भक्ति के रूप में जो सेवा दी गई है, वह अतुलनीय है, श्रावण सोमवार को यहाँ श्रद्धा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना पुनीत कार्य है। भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन शिवभक्तों को स्वल्पाहार, जल और पेय पदार्थ की सेवा करने का सौभाग्य हमें मिला। हम शिवभक्तों के आभारी है कि वह आस्था और शिवभक्ति का संदेश पूरे विश्व में पहुंचा रहे है। देवों के देव महादेव शिवभक्त कांवड़ियों की मनोकामना को पूरी करें।

## माता-पिता को खाट में जलाभिषेक करने लेकर पहुंचे पुत्र, बच्चों ने कहा आज हमारी मनोकामना हुई पूर्ण, 20 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज लांजी।



सावन का महीना हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों के लिए अहम होता है. इस महीने में देश भर से लोग श्रद्धा भाव से भगवान शिव की पूजा करते हैं। ऐसे में देश भर शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। एक ऐसा ही शिवालय है, लांजी का भगवान कोटेश्वर धाम। जहां क्षेत्र के अलावा दूर-दूर से कांवड़ए, भगवान कोटेश्वर का जलाभिषेक करने पहुंचते है।

सोमवार को सायंकाल 5 बजे एक दृश्य, कोसमारा से लांजी के बीच दिखाई दिया। जिसमें पुत्र अपने माता-पिता को कांवड़ में खाट में बिठाकर, कोटेश्वर धाम जा रहे थे। माता-पिता को खाट में ले जाने का यह दृश्य, जिनसे भी देखा, उसे अनायास ही पुत्र श्रवण की कहानी का स्मरण हो आया। उसी तरह कोसमारा के भीमराज नेताम, अनोत नेताम, दुर्गेश नेताम अपने माता-पिता को 20 किलोमीटर दूर कोसमारा से कोटेश्वर धाम लेकर पहुंचे थे। जहां भगवान कोटेश्वर का अभिषेक करने के बाद वह इसी तरह वापस हुए। इनके साथ परिवार में चाचा जलम नेताम सहित अन्य परिजन मौजूद थे।

पुत्र भीमराज नेताम ने बताया कि दो साल पहले गांव में शिवमंदिर बनाने और माता-पिता को कांवड़ से ले जाकर भगवान कोटेश्वर का जलाभिषेक करवाने की इच्छा थी। गांव में शिवमंदिर तो बन गया लेकिन माता-पिता को कांवड़ से कोटेश्वर धाम लाना की मनोकामना पूर्ण नहीं हो सकी थी। इस बार सावन में सभी भाईयो ने प्रण किया कि वह पिता जयलाल नेताम और माता सुगनबाई नेताम को कांवड़ में लेकर, कोटेश्वर धाम ले जाएंगे और आज यह मनोकामना कहे या इच्छा, यह भी पूरी हो गई।

### ग्राम पंचायत खापा में आदिवासी महिला की जमीन हड़पने का सनसनीखेज मामला

# रजिस्ट्री में सब-रजिस्ट्रार और सर्विस प्रोवाइडर की भूमिका पर सवाल, पुलिस कार्रवाई अधूरी

### 4 आरोपी भेजे गए जेल, एक फरार आरोपी की पुलिस कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत खापा की एक आदिवासी महिला की जमीन को कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बेचने का सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस मामले में फरार एक आरोपी स्वरूप पिता दशरथ टेंभरे झालीवाड़ा की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। हालांकि, इस घोटाले में सब-रजिस्ट्रार और सर्विस प्रोवाइडर की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जिन्हें पुलिस ने जांच के दायरे से बाहर रखा है। यह मामला न केवल धोखाधड़ी और षड्यंत्र का है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा करता है।

### आदिवासी महिला की जमीन पर भूमाफियाओं की नजर

ग्राम पंचायत खापा में खसरा नंबर 536, 537/1, 538/2, कुल रकबा 1.110 हेक्टेयर जमीन 60 वर्षीय आदिवासी महिला देवकी बाई पिता कुंजीलाल कुमरे के नाम दर्ज है। वर्तमान में वह अपने पति शंकर राव सचदेव के साथ जबलपुर के सत्यानंद विहार कॉलोनी में रहती हैं। इस जमीन पर वारासिवनी के कुछ भूमाफियाओं की नजर पड़ गई। 9 नवंबर 2023 को कमला बाई पति जीवन उइके (58, झालीवाड़ा) ने अपने साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र रचते हुए ममता उर्फ मुनिता पति मनोज मेश्राम (40, खापा) को यह जमीन बेच दी। इस फर्जी सौदे में मनोज पिता राघोदास मेश्राम (53, खापा), विकास मेहतलाल गौतम (29, खापा) और स्वरूप पिता दशरथ टेंभरे (झालीवाड़ा) ने पहचानकर्ता और गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। रजिस्ट्री उप-पंजीयक कार्यालय वारासिवनी में विधिवत रूप से करवा दी गई।

### पुलिस कार्रवाईः चार गिरफ्तार, एक फरार

देवकी बाई को इस धोखाधड़ी की जानकारी मिलने पर उन्होंने वारासिवनी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद 17 जुलाई 2025 को भारतीय दंड संहिता की धारा 419 (प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी), 420 (धोखाधड़ी), 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र), 467, 468, 471 (कूटरचित दस्तावेज) के तहत मामला दर्ज किया और चार आरोपियों—कमला बाई, ममता उर्फ मुनिता, मनोज मेश्राम और विकास गौतम—को गिरफ्तार कर लिया। पांचवां आरोपी स्वरूप टेंभरे अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### सब-रजिस्ट्रार और सर्विस प्रोवाइडर की भूमिका पर सवाल

इस मामले में सबसे बड़ा सवाल उप-पंजीयक कार्यालय और सर्विस प्रोवाइडर की भूमिका पर उठ रहा है। रजिस्ट्री प्रक्रिया में सब-रजिस्ट्रार को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों की सत्यता की जांच करना अनिवार्य होता है। इसी तरह, सर्विस प्रोवाइडर दस्तावेज तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन इस मामले में दोनों की मिलीभगत या लापरवाही की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। आश्चर्यजनक रूप से, पुलिस ने इन दोनों को आरोपी सूची में शामिल नहीं किया, जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज टेंभरे व स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मामला केवल कुछ व्यक्तियों तक सीमित नहीं है। उप-पंजीयक कार्यालय में ऐसी धोखाधड़ी तभी संभव है, जब वहां के कर्मचारी या अधिकारी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल हों। बिना उनकी सहमति के फर्जी दस्तावेजों पर रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी होना असंभव है। फिर भी, पुलिस ने इस दिशा में कोई जांच नहीं की, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है?

उन्होंने कहा कि इस मामले में पटवारी, तहसीलदार, सर्विस प्रोवाइडर व सब रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों की भी संलिप्तता की जांच की जाए। इस संबंध में वह मंगलवार को ग्रामीणों के साथ एक ज्ञापन एसडीएम, एसडीओपी व उच्चाधिकारियों को देने वाले हैं।

### पीड़ित की मांगः निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई

देवकी बाई ने अपनी शिकायत में स्पष्ट किया कि उनकी जमीन को बिना उनकी जानकारी और सहमति के बेचा गया। उन्होंने मांग की है कि इस घोटाले के सभी दोषियों, विशेष रूप से सब-रजिस्ट्रार और सर्विस प्रोवाइडर, के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा, "मेरी जमीन मेरी जिंदगी का आधार थी। इसे छल से हड़प लिया गया और जिनकी जिम्मेदारी दस्तावेजों की जांच थी, उन्होंने अपनी आंखें मूंद लीं।"

जांच अधिकारी का कहना है कि चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। लेकिन सब-रजिस्ट्रार और सर्विस प्रोवाइडर की भूमिका पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। यह मामला न केवल एक आदिवासी महिला के साथ अन्याय को उजागर करता है, बल्कि प्रशासनिक प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही को भी सामने लाता है।

### सच्चे बुद्धिस्ट, आंबेडकरी अनुयाई होने से सभी समस्याओं का हल : डॉ.चरनदास ढेंगरे

# दि बुद्धिस्ट सोसा.ऑफ इंडिया की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### धम्म संस्था के माध्यम से किए जा रहे धम्म कार्य सर्वोपरिः एस.एल.रंगारे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



संस्था के केंद्रीय कार्यालय मुंबई के निर्देशानुसार 29/07/2025 सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद महाबोधि विहार बोधगया मुक्ति आंदोलन की रूपरेखा बनाने के साथ,सदस्यता अभियान में साधारण,सक्रिय एवं आजीवन सदस्य बनाने की योजना,वर्ष 2025-26 धम्मयात्राओ के आयोजन की रूपरेखा बनाना, बौद्धाचार्य(संस्कारकर्ता) परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को चैत्यभूमि मुंबई से जारी प्रमाण पत्र वितरण किए गए,आगामी 2,3 अगस्त को किरनापुर मुख्यालय में आयोजित अंधश्रद्धा/चिंतन/कार्यकर्ता/प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न किए जाने हेतु धम्मदान एकत्रित कर सम्पूर्ण आयोजन की रूपरेखा बनाना,समता सैनिक दल को सक्रिय कर मजबूत बनाने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए,सभी शाखा प्रमुखों ने अपनी अपनी प्रगति रिपोर्ट सभा में प्रस्तुत की।यह बैठक संस्था के मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. चरनदास ढ़ेंगरे जी के मुख्यातिथ्य में,जिलाध्यक्ष बालाघाट एस.एल.रंगारे जी की अध्यक्षता में,तथा हेमलता डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष,आर के कटाने प्रदेश सचिव,राजकपूर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव के प्रमुख आतिथ्य में सम्पन्न हुई,इस अवसर पर जिला शाखा से प्रमिला ताई चौहान कोषाध्यक्ष,खुशियाल मेश्राम-देवानंद रंगारे उपाध्यक्ष, धरम श्यामकुवर-अशोक कुमार मेश्राम-पी आर चोरे सचिव,आनंद वैध संगठक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सामूहिक पूजा वंदना एवं अतिथियों के स्वागत पश्चात मुख्य अतिथि डॉ.चरनदास ढेंगरे जी ने विस्तृत रूप से धम्म संस्था के माध्यम से धम्म कार्य अधिक गतिमान करने एवं बैठक के बिंदुओं पर जानकारियां दि,सभी पदाधिकारी यो ने संस्था के प्रति निष्ठावान,समर्पित होकर धम्म कार्य करना चाहिए,संस्था के सभी आयोजनों में अपनी उपस्थिति देना चाहिए,वर्तमान में संस्था के प्रति सभी कार्यकर्ता ओ की निष्ठा,ईमानदारी,लगन एवं कार्य शैली देखते हुए भविष्य में संस्था के कार्यो में उनकी जवाबदारी तय होगी,उन्होंने आगे बताया कि सच्चे बुद्धिस्ट,आंबेडकर अनुयाई होने से सभी समस्याओं का हल संभव है,जिलाध्यक्ष एस एल रंगारे जी ने सभी शाखाओं से निष्ठा एवं लगन से कार्य कर वर्ष 2025-26 के लक्ष्य की पूर्ति हेतु कार्य करने के लिए आव्हान किया,हमारी धम्म संस्था द्वारा किए जाने वाले धम्म कार्य सर्वोपरि है,संस्था के पदाधिकारी रहते हुए अन्य कार्यों में ध्यान देना यह संगठन ओर बाबासाहब के साथ धोखा है,वर्ष 2025 में बौद्धाचार्य परीक्षा निम्न साथियों ने उत्तीर्ण की जिसमें रामदास ठवकर,आर के कटाने,राजकपूर कामडे, खुशियाल मेश्राम, धनराज खोबरागड़े, किशोर मेश्राम, जितेंद्र हिरकने, प्रणय ऊके,राहुल बोरकर, नितेश गजभिए ने उत्तीर्ण की,उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ये संस्था के प्रशिक्षित अधिकृत बौद्धाचार्य हो गए,इन्हीं से धम्म के संस्कार कराइए।

### जिले में अब तक 656 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 21 जुलाई 2025 तक 656 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 405 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 21 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 27 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। कार्यालय अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 32 मिलीमीटर, वारासिवनी में 15 मिलीमीटर, बैहर में 19 मिलीमीटर, लांजी में 0.3 मिलीमीटर, कटंगी में 107 मिलीमीटर, किरनापुर में 30 मिलीमीटर, खैरलांजी में 00 मिलीमीटर, लालबर्रा में 18 मिलीमीटर, बिरसा में 0.4 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 37 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी तहसील में 35 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 27 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

## खबर संक्षेप

### वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई के द्वारा हरियाली तीज महोत्सव संपन्न हुआ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई की ओर से हरियाली तीज महोत्सव का कार्यक्रम सीला देही सिवनी मैं संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में मां वैष्णो देवी एवं श्री कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना के पश्चात मां वैष्णो देवी को सुहाग सामग्री चुनरी अर्पित की गई, तथा हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती प्रीति कौशल के द्वारा सभी बहिनो को कुमकुम का तिलक लगाकर सुहाग सामग्री वितरित की गई। भगवान श्री कृष्ण एवं राधारानी की मनमोहक झांकी तैयार की गई। तत्पश्चात सभी बहनों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण राधा रानी एवं मां वैष्णो देवी के भजनों की प्रस्तुति दी।

### 80 बच्चों को कापी किताब व बिस्कुट का किया वितरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नन्हे नन्हे नौनिहालो को कापी व किताब के साथ साथ उन्हे छोटा सा उपहार देने से उन बच्चों के में शालाओं के प्रति लगाव बढ़ता है जो लोग ऐसा कार्य करते है निश्चित ही वे लोग बिरले होते है पासर बुक डिपो के तत्वाधान में बच्चों को दी गई यह भेट से ये बच्चे आगे बढेगे और अपनी प्रगोतर उन्नति करेंगे। उक्त उद्गार नर्सरी से पांचवी के बच्चों को किताब वितरण के अवसर पर शा.उर्दु हा.से. शाला सिवनी प्राचार्य नासीर सिद्की ने व्यक्त किये। शाला के लगभग 80 बच्चों को काफी किताब व विस्कुट का वितरण किया गया इस अवसर पर शमीनाज अकील अहमद, शमशुन्निशा खान श्रीमति अशन जहां सहित सुबोध बाझल नितिन जैन सोनू मनीष जैन अहरम जैन ऋषि जैन सहित जन शिक्षा केन्द्र के संतोष नेमा सहित यतेन्द्र जैन वर्षा जैन संजू आदि उपस्थित रहे, इस संक्षिप्त कार्यक्रम की लोगों ने भूरी भूरी प्रंशासा की।

# गोपी टोला के ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर

**बरगी बांध से विस्थापित गांव हनाई ग्राम पंचायत कुदवारी विकास खंड घंसौर के गोपी टोला के लोग लगभग दस दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गोपी टोला लगभग 35 घरों की बस्ती है जहां ट्रांसफार्मर जल गया है।इसकी लिखित सूचना ग्रामीणों ने विधुत विभाग को दिया है और 181एवं 1912 पर भी शिकायत दर्ज किया गया है। परन्तु अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। गोपी टोला के निवासियों को अंधेरे के कारण सर्पदंश का भय सता रहा है। कल रात सोमवती मरकाम के आंगन में सर्प निकलने से अफरातफरी मच गई। आस पड़ोस के लोगों ने सांप को दूर भगाया ।दूसरी ओर बिजली नहीं होने से 20 से 22 स्कूली बच्चों का रात की पढ़ाई बाधित हो रहा है। मोबाइल और टार्च चार्ज कराने के लिए दूसरे गांव जाना पङता है। ज्ञात हो कि गोपी टोला का बसाहट बरगी जलाशय के इर्द-गिर्द है, जिससे कीङे मकोङे का खतरा हर समय बना रहता है। घरों में सबके के लिए खाट की व्यवस्था नहीं होती है तो अधिकतर परिवार की महिला सदस्य नीचे बिस्तर लगा कर सोती हैं। गोपी टोला के शिवकली बाई सोयाम, सुनैना बाई बर्मन, भूतपूर्व सरपंच लाल सिंह सोयाम, टेकरी घाट मछुआरा सहकारी समिति के अध्यक्ष रमेश बर्मन, संतोष मरावी,फग्गू मरकाम,तीरथ बर्मन,कृपाल बर्मन और बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा,भूवन बर्मन ने सिवनी कलेक्टर से समस्या का त्वरित समाधान के लिए अनुरोध किया है।

# जुआरियों की टोली चढ़ी धूमा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा जिले में चल रहे जुआ और सट्टे की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को आदेशित किया गया था। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के नेतृत्व में पुलिस थाना धूमा ने जुआरियों की टोली को जुआ खेलते पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।**

घटना का विवरण इस प्रकार है- पुलिस थाना धूमा में मुखबिर द्वारा सूचना मिली की खमरिया रोड पहाडी का जंगल में मील के पास कुछ जुआडियान कार से बाहर जिलों से आकर कुँआ खेल रहे है की सूचना पर गवाहान मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पेराचंदी कर कुँआ पकडने के लिये सर्च अभियान चलाया गया।

जो घने जंगल के किनारे में कुछ जुआडियान मोबाईल की टाँच की रोशनी में ताश पत्तो पर रुपये पैसो का दाव लगाते हुये जुआ मन्ना रिस्क खेलते दिखे। जिन्हे हमराह स्टाफ व गवाहान के पेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया जो जुआडियान पुलिस को देखकर भागने लगे। कुँआडिवान जुआ खेलते घेराबंदी कर पकडे गये। जिनसे जुमला 2,18,000 रुपये व 52 ताश के पत्ते एक प्लास्टिक की बोरी फट्टा, 07 नग एन्ड्राईड मोबाईल फोन एवं 01 नग कीपैड मोबाईल कुल जुमला कीमती 73,000 रुपये पास से एक टाटा नेक्सान कम्पनी की कार क्र. रूक्क 20ष्ट॥6114 कीमती करीबन 18 लाख, एक मारुति कम्पनी की अल्टो कार क्र. रूक्क 22ष्ट्र4394 कीमती करीबन 03 लाख कार मिली जिनकी तलाशी ली जो कुछ कीमती सामान नहीं मिला समक्ष गवाहान के विधिवत जामी कार्यवाही की गई आरोपीयान से जुआ खेलने के संबंध में पुछताछ पंचनामा तैयार किया गया। आरोपियों के विरुध्द अपराध धारा 13 जुआ एक्ट व धारा 112(2) भा न्या सहिता का घटित करना पाये जाने से प्रकरण सदर का कायम कर विवेचना में लिया गया।

# केवलारी विधायक ठा. रजनीश सिंह ने नव संकल्प शिविर में सहभागिता किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सोमवार को केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह जी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मांडू (मांडव) जिला धार में आयोजित नव संकल्प शिविर कार्यक्रम के आयोजन में सहभागिता किया। साथ ही विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह जी मांडू में कांग्रेस विधायक दल का दो दिवसीय प्रशिक्षण ने कार्यक्रम में सहभागिता कर वरिष्ठ नेताओं एवं संवाद कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। तत्पश्चात माननीय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नव संकल्प शिविर में डिजिटल माध्यम से जुड़े और पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को आगामी रणनीति हेतु निर्देशित किया। यह नव संकल्प शिविर मांडव की ऐतिहासिक भूमि से उस आत्ममंथन की शुरुआत है, जिसमें हम केवल सरकार की नाकामियों की चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि जनता के साथ मिलकर उस वैकल्पिक रास्ते की तलाश करेंगे जहाँ पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा मूलमंत्र हों। यह शिविर उन युवा साथियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विचारशील नागरिकों का मंच है जो अब चुप नहीं रहेंगे। हम सब मिलकर मध्य प्रदेश को फिर से स्वाभिमान, ईमानदारी और विकास के रास्ते पर लाने का संकल्प लेंगे।

नव संकल्प शिविर में के आयोजन में अजय माकन सांसद, राज्यसभा एवं कोषाध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, हरीश चौधरी प्रभारी, मध्यप्रदेश कांग्रेस, श्री विवेक तन्खा जी सांसद, राज्यसभा, शपवन खेड़ा जी अध्यक्ष, मौडिया एवं प्रचार विभाग, AICC, श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत जी अध्यक्ष, सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म, कांग्रेस, श्री भगवान देव इसरानी जी पूर्व प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता समेत समस्त कांग्रेस दल के विधायक गण प्रदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गणों की गरिमामई उपस्थिति रही।





# आक्रोशित किसानों ने जबलपुर-नागपुर मुख्य मार्ग पर लगाया जाम

**किसान द्वारा मूंग की उपज होने के बाद उनकी मूंग की तुलाई बंद किए जाने खरीदारी नहीं किए जाने से आक्रोशित किसानों ने सोमवार को जबलपुर-नागपुर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिसके चलते दोनों तरफ छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। जाम लगाने वाले किसानों ने वहां से गुजरने वाली एंबुलेंस को ही आने-जाने के लिए जगह दी। जाम के चलते यात्री बस भी जाम में फंसी है। जिसके चलते यात्रियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित किसानों में अरविंद सनोडिया पिपरिया, विपुल सनोडिया सिमरिया, शुभम पटेल केदारपुर, शुभम पटेल हथनापुर, बसंत शेंडे पलारी, दिमागचंद सनोडिया सिमरिया, अभिषेक सनोडिया परतापुर, आदित्य राजपूत मारबोडी, सुरेश साहू केवलारी आदि किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही उनकी मूंग की खरीदी कार्य किया जाए।

किसानों ने अपनी समस्या में बताया कि कलबोडी के वेयरहाउस में मूंग खरीदी सिर्फ दो दिन हुई इसके बाद लगभग चार दिनों से मूंग तुलाई पूरी तरह बंद है। अपनी मांगों को लेकर किसान यहां पहुंचे सोमवार लगभग 11:30 बजे किसानों ने मुख्य मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली अडाकर मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। जिसके चलते दोनों तरफ से आने जाने वाले वाहन के चक्के थम गए हैं। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लग गई हैं। इससे यात्री खासे परेशान हो रहे हैं।

# शासकीय महाविद्यालय केवलारी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।



21 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एन डेहरिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संजय मिश्रा के कुशल नेतृत्व में केवलारी नगर के वरिष्ठ पत्रकार रफीक खान अधिवक्ता पवन यादव, सेवा निवृत प्राध्यापक महेंद्र सिंह बघेल , महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थियों की गरिमामई उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बृहद पौधारोपण किया गया । सभी स्टाफ के लोगों ने अपनी मां के नाम एक-एक पेड़ लगाए और सभी विद्यार्थियों ने भी एक पेड़ मां नाम के तहत पौधारोपण किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर.के ठाकुर डॉ. मनोज टैंभरे प्रो. सनत डहेरिया , डॉ. लक्ष्मी भांडे, डॉ. डी एल मानेश्वर, डॉ धर्मेंद्र परते , जसवंत सिंह राजपूत, राशिया कुरैशी, रश्मि बघेल , धनेश्वरी हरिनखेड़े, निधि डेहरिया , पंकज साकेत, महेंद्र नाग,हेमराम मर्सकोले, राघव जघेला ,अरविन्द नामदेव, संदीप भगत, कमल सिंह साहू, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार विश्वकर्मा, स्वयंसेवियों में शिवम, मुकेश, विवेक, काजल चंदेल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.एन. डहेरिया ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### भव्य भारत माता की आरती, सुजीत जैन के जन्म उत्सव पर

**सिवनी।** नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज स्थित सोमवारी चौक में आगामी मंगलवार, 22 जुलाई को शाम 7 बजे भारत माता की आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति अपेक्षित है। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि श्री सुजीत जैन के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन श्री जैन के समर्थकों द्वारा किया गया है। आयोजकों ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भारत माता की आरती में सहभागिता करें और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस समारोह को सफल बनाएं।

# सिवनी के एक ऐसे भक्त की कलाकारी रोज फूलों से सजाते माँ का दरबार

**सिवनी।** शास्त्रों में कहा गया है भक्ति के नौ रूप होते हैं उन्हीं में से एक नगर के मंगलीपेठ साकार सिटी रोड सांई मंदिर के सामने निवासी राकेश सोनी कि भगवान के प्रति भक्ति की ऐसी लगन लगी है कि वह नगर के चार-पांच मंदिरों में प्रतिदिन जाकर अपने साथ लाए गए विभिन्न रंगों के फूलों से आकर्षक सजावट भगवान के सामने कुछ इस तरह से करते हैं जिसे देख अन्य भक्तजन भ्रमित हो जाते हैं कि यह फूलों से बनी कलाकारी है या फिर टाइल्स में ही कोई चित्र पहले से बना है।

राकेश सोनी ने बताया कि वह लगभग 20 सालों से विवेकानंद वार्ड स्थित माता दिवाला के मंदिर में



पूजन करने जाते हैं। इसके साथ ही नगर के दुर्गा चौक स्थित दुर्गा मंदिर व शुक्रवारी चौक स्थित राम मंदिर सहित ऐसे अन्य देवी-देवताओं के मंदिर में दर्शन व पूजन के लिए प्रतिदिन सुबह जाते हैं। मंदिर के पुजारी से अनुमति लेने के बाद वे भगवान के सामने लगी टाइल्स में अपने साथ लाए हुए फूलों को प्रतिदिन अलग-अलग डिजाइन से सजाते हैं।

उन्होंने बताया कि बचपन में जब मैं मंदिर जाता था तो वहां जो पहले से जो फूल चढ़े होते थे उनसे कभी स्वास्तिक तो कभी ओम बना देता था। इसके बाद मंदिर पहुंचने वाले लोगों ने जब इसकी सराहना की तो कुछ और अलग करने का मन में इच्छा जागी।

# नदी में गिरी चप्पल के चक्कर में गई युवक की जान

**सिवनी।** जिले के आदेगांव थाना अंतर्गत परेवा खोह प्राकृतिक स्थल में बहने वाली शेड नदी के तेज बहाव में शनिवार दोपहर दोस्तों के साथ गया एक 20 वर्षीय युवा आयुष यादव बह गया था जिसका रात तक कोई सुराग नहीं मिला था। काफी तलाश के बाद रविवार की दोपहर रेस्क्यू दल ने शव बरामद किया गया है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमे युवक लकड़ी से झरने में गिरी चप्पल निकालने को कोशिश करते दिख रहा है। और पैर फिसलने से पानी मे बहता नजर आ रहा है। पुलिस के अनुसार आयुष पुत्र गुड्डू यादव (21) वार्ड क्रमांक 14 लखनादौन निवासी अपने अन्य दो मित्रों के साथ कल दोपहर आदेगांव से लगभग सात किलोमीटर दूर परेवा खोह पर्यटन स्थल गया था। इसी बीच झरनों के बीच बहने वाली शेड नदी में गिरी चपल निकालने का प्रयास कर रहा था। और उसका पैर फिसल गया और वह पानी के तेज बहाव में बह गया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद आदेगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय तैराकों की मदद से खोजबीन शुरू की। लेकिन अंधेरा होने तक लापता युवक का कोई सुराग नहीं लगा था। युवक की तलाश के लिए मौके पर एसडीईआरएफ को बुलाया गया। रविवार की सुबह से एसडीईआरएफ का दल लापता युवक की तलाशी कर रहा था। जिसका शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर मिला है। जिसके शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# पाइप लाइन बिछाए जाने खोदी सड़क बनी परेशानी

**सिवनी/केवलारी।** केवलारीवासी इन दिनो सबसे ज्यादा आवागमन को लेकर खासे परेशान हो रहे हैं। सड़क के किनारे पाइप लाइन बिछाए जाने के कार्य के चलते यहां बेतरतीब तरीके से नगर की सड़कों की खुदाई कर दी गई है। खुदाई किए जाने के बाद कहीं पर पाइप लाइन डाल दी गई है और कहीं पर अभी पाइप लाइन डाला जाना शेष है। लेकिन जहां पाइप लाइन डाल गई है वहां की भी सड़क बद से बद्तर हो गई है और जहां पाइपलाइन नहीं डाली गई है वहां भी खुदाई कार्य करके आधा अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसके चलते अब पैदल चलने वाले राहगीर व बाइक चालकों समेत वहां बड़े वाहन चालकों सभी को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही सड़क के किनारे खुदाई किए जाने से सीमेंट के टुकड़े, पत्थर नाली में भी समा गए हैं जिसके कारण नालियों से बहने वाला पानी भी आगे सुचारू रूप से नहीं बह पा रहा है।



नागरिकों ने बताया कि खैरमाई वार्ड स्थित गंगाराम चक्की वाले व जैन मोहल्ला जाने वाले मार्ग स्थित सभी जगह दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जैनी मोहल्ला मार्ग में पुलिया निर्माण के चलते जहां सड़क का आवागमन पूरी तरह से बंद पड़ा है वही एक दूसरे मार्ग में भी यही स्थिति है। अब आने जाने के लिए खैरमाई मंदिर से जब लोग गुजरते हैं तो यहां पाइप लाइन के चलते सीमेंट की सड़क खोद दिए जाने से पैदल राहगीरों को भी सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नागरिकों में खासा आक्रोश व्याप्त है। वहीं नागरिकों ने बताया कि इसकी शिकायत पार्षद समेत नगर परिषद अध्यक्ष से किए जाने के बाद भी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

#### इनका कहना है

उक्त मामला अभी संज्ञान में आया है। इस मामले को लेकर केवलारीवासियों ने अभी तक कोई शिकायत नहीं किया था। फिर भी पीएचई अधिकारी को कार्य पूर्ण करने और समस्या के निदान के लिए कहा जायेगा।

**श्रीमती सुनीता बघेल, नगर परिषद अध्यक्ष, केवलारी**

# महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के राजपूत कॉलोनी बरघाट नाका टैगोर वार्ड स्थित शिव मंदिर से महिलाओं ने रविवार को कावड़ यात्रा निकाली। यह कावड़ यात्रा शिव मंदिर से होते हुए अर्धनारीश्वर नाग मंदिर पहुंची तथा यहां से एकत्रित जल को लेकर कावड़ यात्रा टैगोर वार्ड के मार्गो से होती हुई शिव मंदिर पहुंची जहां शिवजी को जल चढ़ाया गया। महिलाओं द्वारा निकाली गई कावड़ यात्रा में उषा ठाकुर, उषा चौधरी, राधा चौकसे, माया साहू, प्रभा गावंडे म, बिंदु मन्द्रेला, चंचला चौकसे, अनीता शर्मा, कुमुद तिवारी, शारदा, ब्रज कुमारी वास्त्री, मीना तिवारी, दुलारी बघेल, जानकी, रोहिणी, मंजू, रश्मि दुबे, ममता दुबे आदि शामिल थी।

## डैम का जल स्तर 517 मीटर तक पहुंचा

# भीमगढ़ बांध के 3 गेट खुले, निचले इलाकों में किया अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सिवनी जिले में लगातार हो रही बारिश से संजय सरोवर (भीमगढ़ बांध) का जल स्तर 517.15 मीटर तक पहुंच गया है। सोमवार को जल स्तर को नियंत्रित करने के लिए बांध के तीन गेट खोले गए हैं। तिलवारा बांयी तट नहर संभाग केवलारी के कार्यपालन यंत्री पी.एन. नाग ने बताया कि बांध के 5, 6 और 7 गेट को क्रमशः 1.40 मीटर, 1.64 मीटर और 1.40 मीटर तक खोला गया है। इनसे 20,000 घनफीट प्रति सेकंड की दर से पानी बैनगंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। भीमगढ़ बांध का जल स्तर 517.15 मीटर तक पहुंच गया है।

**प्रशासन ने जारी किया अलर्ट**

प्रशासन ने निचले क्षेत्र के लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। अधिक वर्षा होने पर गेट और अधिक खोले जा सकते हैं। किसानों को खेतों में काम करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। आकाशीय बिजली से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों पर रहने को कहा गया है।

**अभी तक कहां कितने पानी गिरा**

भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी के अनुसार, 1 जून से अब तक जिले में औसतन 23.95 इंच वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सबसे अधिक वर्षा घंसौर में लगभग 39.76 इंच और सबसे कम कुरई में करीब 11.69 इंच रिकॉर्ड की गई है।

अन्य तहसीलों में केवलारी में 30.37 इंच, छपारा में 26.95 इंच, धनौरा में 25.42 इंच, सिवनी में 21.17 इंच, लखनादौन में 20.84 इंच, तथा बरघाट में 15.57 इंच वर्षा दर्ज की गई है।

### कांग्रेस ओबीसी लीडरशिप भागीदारी न्याय सम्मेलन 25 को

**सिवनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 25 जुलाई को नई दिल्ली में कांग्रेस ओबीसी लीडरशिप भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।




**आम सूचना**

मैं रामचरण शिवहरे पिता स्व. श्री शिवप्रसाद शिवहरे निवासी ग्राम धूमा जिला सिवनी, मेरी निजी भूमि जो कि ग्राम बरबटी प.ह.न. 14 में खसरा क्रमांक 92/4 एवं 92/5 रकबा क्रमशः 0.16 और 0.54 हैक्टेयर है । जिसको हमने चमरू पिता लच्छी मेहरा निवासी बरबटी धूमा जिला सिवनी से दिनांक 23/07/2010 को खरीदा था और चमरू ने बसंत पिता भैयालाल यादव एवं मूलचंद पिता भैयालाल यादव से दिनांक 09/03/1994 को खरीदा था लेकिन मेरे द्वारा जिसकी मूल प्रति कही खो गई है। मेरे द्वारा लगातार ढूंढने पर रजिस्ट्री अभी तक नहीं मिली है अतः आम जानता को मेरी उक्त संपति की रजिस्ट्री गुम हो जाने बाबद सूचित किया जा रहा है 21.07.2025 धूमा सिवनी

भवदीय
रामचरण शिवहरे बाजार चौक धूमा
सिवनी म. प्र. (480888)
मो.नं. 8989907758

# पेंचवेली एक्सप्रेस को बालाघाट से चलाए जाने की मांग को लेकर ब्रासंस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस के नेतृत्व में पुनः एक बार पेंचवेली एक्सप्रेस को बालाघाट से चलाए जाने तथा रीवा बालाघाट पुणे एक्सप्रेस, जबलपुर बालाघाट रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को जल्द से जल्द प्रारंभ करने की मांग के साथ बालाघाट रेलवे स्टेशन में गगन भेदी नारों के साथ प्रदर्शन किया गया ,जहां उन्होंने कहा कि बालाघाट से प्रतिदिन हजारों की संख्या में भोपाल एवं इंदौर के लिए यात्री यात्रा करते हैं ,विगत दिनों 14 जुलाई को नैनपुर रेलवे स्टेशन से भोपाल इंदौर के लिए पेंचवेली एक्सप्रेस प्रारंभ की गई है जिसे यदि बालाघाट से प्रारंभ कर दिया जाता है तो एक और जहां रेल विभाग को भारी राजस्व प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर बालाघाट जिले के लिए यह एक विकासशील कदम होगा, इसके अलावा विगत दो माह पूर्व रेल मंत्री द्वारा घोषित रीवा बालाघाट पुणे एक्सप्रेस तथा जबलपुर बालाघाट रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस जल्द से जल्द प्रारंभ होना चाहिए, ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति ने ऑटो चालकों की समस्याओं को भी रखकर समाधान की मांग की । उक्त अवसर पर जिला बार कौंसिल अध्यक्ष आनंद टेंभरे ,निखिल गौतम, मधु बिसेन, शंकर कनौजिया, अजय बिसेन रजनीश रहाग़डाले, महेंद्र पचौरी ,विक्रम पांडे, शमीम सिद्दीकी, सेवादल अध्यक्ष जीतू बर्वे, राहुल विचार मंच अध्यक्ष जावेद अली, शैलेन्द्र पटेल, आनंद सिंह, गोविल चौरे, गगन पारधी जुबेर भंडारी डॉ अमर बिसेन, जुबेर भंडारी,धर्मेंद्र बोपचे, शाहबाज मकसूद खान,राहुल सिंह बेस,राजा नागपुरे ,राजू बारेकर रामकिशोर बंजारे, धर्मेंद्र छिपेश्वर, महेंद्र म्हात्रे दीपक बंजारे ,राजेंद्र म्हात्रे ,राजू भोतेकर, नंदा खांडेकर नरेंद्र सोनबरसे सुधीर बंजारे, बादल बिसेन ,साहिल बिंजड़े, लेखन दांडेकर, जितेंद्र डार ,महेश बारेकर एवं सैकड़ों साथी उपस्थित थे।

### 3 आरोपियों को पके हुए मांस के साथ किया गिरफ्तार, गए जेल

# चौखंडी में जंगली सुअर का हुआ शिकार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



वन परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले ग्राम चौखंडी में तीन आरोपियों ने मिलकर कुत्तों की मदद से वन्य प्राणी जंगली सुअर के अवैध शिकार की वारदात को अंजाम दिया है. इन आरोपियों को वन विभाग की टीम ने जंगली सुअर के पके हुए मांस और शिकार के लिए प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के सक्षम पेश किया. न्यायालय ने आरोपियों की जमानत याचिका खारिज करते हुए सोमवार की शाम 06 बजे सभी को जेल भेज दिया है. प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी निकलेश पिता मनोहर डुमरउके, महेश पिता सुदाम डुमरउके और कन्हैया पिता लखन तीनों निवासी चौखंडी ने गांव में ही एक तालाब के पास जंगली सुअर के शिकार की वारदात को अंजाम दिया. आरोपियों ने शिकार की वारदात के लिए कुत्तों की मदद ली. आरोपियों ने जंगली सुअर के पीछे कुत्तों को दौड़ाया और फिर जब सुअर थक गई तो आसानी से शिकार कर लिया. उपवन क्षेत्रपाल ओम प्रकाश जगने ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 जुलाई की रात्रि मुखबिर ने जंगली सुअर के शिकार की सूचना दी. जिसके बाद वरिष्ट अधिकारी उपवन मंडल अधिकारी बी.आर. सिरसाम के मार्गदर्शन और वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई. जिसने रात्रि में ही आरोपी निकलेश के घर दबिश दी तो आरोपी को मांस के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया. निकलेश ने पूछताछ में अन्य आरोपी महेश और कन्हैया के साथ शिकार की वारदात को अंजाम देना कबूल किया. आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की कार्रवाई की गई।

इस पूरी कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक कन्हड़गांव उपवन क्षेत्रपाल ओम प्रकाश जगने, सीतापठोर उपवन क्षेत्रपाल युगल किशोर गेड़ाम, बोनकट्टा कार्यपालक वनपाल सतीश उइके, वनरक्षक दिलीप परिहार, अंकित बानेवार, एन.डी.शर्मा, नरेश सिंघनधुपे, दीपक माली, सुरक्षा श्रमिक महेश कर्मे, नंदकिशोर गौतम, सिद्धार्थ मेश्राम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सीयूसीएआई की राष्ट्रीय बैठक में शामिल हुई आयोग मित्र फिरोजा खान, यूनेस्को से जुड़े मुद्दों पर रखे विचार

**बालाघाट।** कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ यूनेस्को क्लब्स एंड एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीयूसीएआई) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली नोएडा स्थित एसआरएच होटल में आयोजित की गई। इस बैठक में शामिल हुई, जिले की आयोग मित्र फिरोजा खान ने बताया कि इस बैठक में यूनेस्को से जुड़े कई मुद्दों पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों ने गहनता से विचार विमर्श किया। साथ ही उपस्थित सदस्यों की सर्वसहमति से (सीयूसीएआई) का नाम बदलकर अब "इंडियन फेडरेशन ऑफ क्लब्स एंड एसोसिएशन फ़ॉर यूनेस्को" (आईएफसीएयू) करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगे के कार्यक्रमों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।

# नशे से दूरी है जरूरी विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और पुलिस प्रशासन लामता के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 21 जुलाई 2025 को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लामता में नशे से दूरी है जरूरी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर सुनीता वैद्य की अध्यक्षता में किया गया,जिसमें लामता के थाना प्रभारी महोदय श्री नितिन पटले जी अपने उद्बोधन में सारगर्भित तरीके से नशे के बारे में अवगत कराया , जिसमें युवा पीढ़ी को जाग्रत होने को कहा और अगर कहीं भी कोई व्यक्ति नशा करते दिखाई दे रहा है और जिससे लोग प्रभावित हो रहे हैं, तो हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना की करें । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता वैद्य जी ने नशा के बारे में कहा कि नशा से समाज खतरे में है जिसमें सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी अपराध श्रेणी में जा रहे हैं । श्री सुंदरलाल बिसेन ने कहा कि नशा से बचना चाहिए , नशा नाश की बीमारी है । डॉ. ढालसिंह गौतम ने कहा कि नशा पेय पदार्थों का नहीं होना चाहिए , नशा लक्ष्य का होना चाहिए । संगोष्ठी के बाद नशा को दूर करने के लिए सभी छात्र/ छात्राओं, अधिकारी/ कर्मचारी, महाविद्यालय स्टाफ़ को नशा मुक्त राज्य, जिला, ग्राम बनाने हेतु शपथ दिलाई गई।

बीड़ी पी कर खास रहा है, मौत के आगे नाच रहा हैं जैसे नारे लगाए गए । कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. चंद्रशेखर कटरे ने किया । समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे ।

## पात्र सदस्यों को बीमा योजना से जोड़े-सीईओ श्री जोशी

**बालाघाट।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय द्वारा कलेक्टर व बैंक प्रशासक मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में 21 जुलाई को बैंक सीईओ पी. जोशी ने शाखा प्रबंधकों, सुपरवाइजरों, संस्था प्रबंधकों और समिति कर्मचारियों की बैठक वीसी के माध्यम से ली गई। इस दौरान श्री जोशी ने सभी शाखा प्रबंधकों, बैंक और समिति कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शाखा और समिति से जुड़े पात्र सदस्यों को अनिवार्य रूप से अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के आवेदन फॉर्म भरवाए।

### कीचड़ से सने रास्ते पर चलना है मजबूरी, क्योंकि शिक्षा है जरूरी

# जर्जर सड़कों से स्कूल जाने को मजबूर छात्र-छात्राएं व ग्रामीण



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** गड्ढे में सड़क या सड़क में गड्ढे जर्जर सड़क आवागमन में लोगो को हो रही परेशानी। मामला जनपद पंचायत किरनापुर के मोहगांव से कुण्डे मार्ग दर्जनों गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ता है। यह मार्ग जहां एक तरफ म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गड्ढा मुक्त प्रदेश बनाने में जुटे है। ग्रामीण सडक योजना से सडकों का जाल बिछाया जा रहा हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में आज गड्ढा मुक्तमार्ग पर शासन एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्यों नहीं ध्यान दिया जाता है। आखिरकार वह भी तो कभी कभार इन्हीं सड़को से गुजरते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहगांव से कुण्डे मार्ग दर्जनों गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ता है। जर्जर सड़क से आवागमन करना मजबूरी ग्रामीणों के साथ किसान, स्कूल पढ़ने वाले बच्चों को हो रही परेशानी मामला जनपद किरनापुर यह मार्ग दर्जनों गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ता है ग्रामीण और हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं मोहगांव व जनपद मुख्यालय पर स्थित कई विद्यालयों के बस इसी रास्ते से होकर जाते हैं। सड़क गड्ढे में तब्दील होने के कारण बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

जर्जर सड़क से आवागमन करना मजबूरी ग्रामीणों के साथ ही इस सडक की सूरत बदल गई हैं। आलम यह हैं कि मार्ग में बड़े-बड़े गड्डों बन गए हैं। मार्ग में दलदल जैसी स्थिति बन गई हैं। दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण ग्रामीण इस मार्ग से आवागमन करने के लिए मजबूर हैं। किरनापुर से हमारे संवाददाता मदन मोहन पाराशर ने क्षेत्र का निरीक्षण कर स्कूल के बच्चों से इस रोड के बारे में जानकारी लेना चाहा तो स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने बताया कि कुण्डे से निमदेवाड़ा ,डून्डासिवनी होते हुए कुंण्डे स्कूल 5 किलोमीटर फेरे से जाना पड़ता है। या फिर भालवा करियादंड होते हुए कुण्डे पहुंचना पड़ता है ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व कृषि मंत्री गौरी शंकर बिसेन द्वारा भी इस रोड का भूमि पूजन किया गया लेकिन आज तक इस रोड को नहीं बनाया गया। इस ग्राम में नेताओं की भरमार है फिर भी इस रोड को क्यों नहीं बनाया जा रहा है यह समझ से परे है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि इस रोड को जल्द से जल्द बनाया जाए , ताकि हमारे बच्चे स्कूल जाने में तकलीफ ना हो।

# स्कूल में चला नशा मुक्ति अभियान, पुलिस ने छात्रों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार 21 जुलाई को थाना मलाजखंड क्षेत्रांतर्गत लगातार नशा मुक्ति अभियान को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पल्हेरा में प्राचार्य मनोज कुमार कामडे, तथा स्टाफ मुन्ना ठाकरे, डी.एल. राहंगडाले, एस.पी. राहंगडाले, एस.आर.मरकाम, राजेश मोहना, के. राहंगडाले, प्रिंसी भुजाड़े एवं पुलिस स्टॉप तथा लगभग 200 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे , उपस्थित स्कूल के बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव से बचने हेतु समझाइश देकर जागरूक किया एवं नारा देकर नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया तथा उपस्थित स्कूल के विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के संबंध में जागरूक किया गया। थाना क्षेत्र में जाकर लोगों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया, नशा मुक्ति से संबंधित पेंपलेट का वितरण किया गया संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान थाना स्टॉप उनि.जी . एल . अहिरवार , ऋषिका यादव एवं स्टॉप उपस्थित रहे।

## सुकन्या समृद्धि योजना में 10 हजार 192 बालिकाओं का हुआ पंजीयन

**बालाघाट।** भारत सरकार द्वारा बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत जिले में 10 हजार 192 बालिकाओं का पंजीयन किया गया है और 8649 बालिकाओं का पंजीयन किया जाना शेष है। इस योजना में पंजीयन से शेष रह गई बालिकाओ की माता पिता एवं अभिभावको से अपील की गई है कि वे अपनी बालिकाओं का इस योजना में शीघ्र पंजीयन कराए।

# मांडू में कांग्रेस का नव संकल्प शिविर परसवाड़ा विधायक भगत की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट-धार, मांडू। कांग्रेस पार्टी द्वारा मध्यप्रदेश में संगठनात्मक सशक्तिकरण और जनहित के मुद्दों पर रणनीतिक संवाद हेतु आयोजित "नव संकल्प शिविर" का शुभारंभ धार जिले के ऐतिहासिक मांडू नगर में हुआ। यह दो दिवसीय शिविर प्रदेश की कांग्रेस इकाई के लिए एक नई ऊर्जा और दिशा तय करने का अवसर है।

इस अवसर पर परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने भी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी निरंतर सुधार, नवाचार और जनकल्याण के पथ पर अग्रसर है, और यही उद्देश्य इस शिविर की भी मूल भावना है।

विधायक भगत ने कहा, "यह आयोजन केवल विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि एक प्रतिबद्धता है कि हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरें। मध्यप्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भूमिका को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए यह शिविर निर्णायक सिद्ध होगा।"

शिविर के शुभारंभ अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी श्री हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगार, मध्यप्रदेश विधानसभा के कई विधायकगण, पार्टी पदाधिकारी, संगठन इकाइयों के प्रमुख एवं सेवादल के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिविर के विभिन्न सत्रों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, जनविरोधी नीतियों, ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों की समस्याओं, बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की दुर्दशा जैसे मुद्दों पर चिंतन किया।

विधायक मधु भगत ने भी सत्रों के दौरान आदिवासी समाज की सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा की आवश्यकताओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से कार्यकर्ताओं को दिशा मिलती है और जमीनी स्तर पर संघर्ष की प्रेरणा भी।

उन्होंने आगे कहा, "परिवर्तन केवल सत्ता से नहीं, सोच और सेवा से आता है। कांग्रेस पार्टी इसी सिद्धांत पर चलती है और यह शिविर उस सोच को नये आयाम देने का माध्यम है।"

शिविर में प्रदेश कांग्रेस ने आगामी चुनावों और जनता से संवाद की रणनीति पर भी चर्चा की। सोशल मीडिया, युवा संवाद, बूथ स्तर की मजबूती जैसे विषयों को प्राथमिकता दी गई।

## ग्रामों में जल स्त्रोतों का किया गया क्लोरिनेशन

**बालाघाट।** वर्षा ऋतु के दिनों में आम जन को जल जनित बीमारियों के संक्रमण से बचाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में निरंतर जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 जुलाई को जिले के लालबर्रा एवं खैरलांजी विकासखंड के ग्राम गर्रा, मांझापुर, मोहगांव, सावरगाँव, गुडरूघाट, मिरगपुर, पांढरवानी तथा येरवाघाट में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उईके ने बताया कि विभाग की टीम द्वारा ग्रामवासियों को जल जनित बीमारियों के संक्रमण से बचने के लिए निरंतर समझाईश दी जा रही है। जिसमें विभाग द्वारा बताया जा रहा है कि हमेशा साफ व स्वच्छ जल का ही सेवन करे। अपने आस-पास आवश्यक रूप से स्वच्छता बनाए रखे। साथ ही जल स्त्रोत कुएँ, तालाब व हैण्डपम्प के आस-पास भी किसी तरह की गंदगी न होने दे। मक्खी एवं मच्छर न पनपने दे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड में विद्यार्थी परिषद के अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज मलाजखंड ।



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड में विद्यार्थी परिषद के अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री ललित मिश्रा, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरसा और श्रीमती लता मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार प्रसाद के साथ अन्य वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित थे।

### दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

### निर्वाचित परिषद सदस्यों का परिचय

कार्यक्रम के दौरान निर्वाचित परिषद सदस्यों का परिचय कराया गया। विद्यालय में 4 हाउस हैं, जिनमें विद्यार्थियों को विभाजित किया गया है। इस अवसर पर बैज पिनिंग समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उनके हाउस के बैज प्रदान किए गए।

### मुख्य अतिथि का संबोधन

मुख्य अतिथि श्री ललित मिश्रा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नेतृत्व और जिम्मेदारी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद के सदस्य विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### प्राचार्य का धन्यवाद ज्ञापन

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ संतोष कुमार प्रसाद ने मुख्य अतिथि और अन्य उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद के अलंकरण समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है।

### कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ शिक्षक श्री युगल किशोर भगत द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी और प्रेरणादायक रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सावरी सोसायटी में उर्वरक की किल्लत

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी बांच्र के अंतर्गत आने वाली सेवा सहकारी समिती सावरी में उर्वरक की किल्लत बनी हुई है। प्रबंधन के द्वारा इसकी सुचना ऊपरी स्तर पर दि है ताकी खाद आने पर समिती को उपलब्ध हो जाए। जानकारी के अनुसार इस सेवा सहकारी समिती के अंतर्गत करीब दो गांव खैरी और सावरी आती है । इन दो गांवो के करीब ग्यारह सौ के आसपास कृषक समिती से सक्रिय रूप से लेनदेन करते है। कृषको ने बताया की धान की रोपाई जोरो पर शुरू है , अभी उर्वरक की आवश्यकता है । समिती में रासायनिक खाद की कमी है बनी हुई है जिससे कृषक परेशान है। उर्वरक न होने से कृषको को समिती में आ कर वापस जाना होता है। समिती प्रबंधन भी रासायनिक उर्वरक उपलब्ध हो जाए जिसके के लिए लगातार उपर से संपर्क बनाकर रखा है । सोमवार को करीब 35 टन सुपर फास्फेट उर्वरक आया है जिससे कुछ राहत महसूस हुई है। बावजूद यूरिया, डीएपी, पोटाश, बीस जीरो तेरहा सहित अन्य रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कमी है। कृषको ने खाद उपलब्ध कराने की मांग की ।इस समय खेति में धान की रोपाई का कार्य जोरो पर प्रारंभ है खाद उर्वरक उपलब्ध होने पर कृषको को धान की रोपाई के साथ डालने में सुविधा होगी ।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
• B.Com • M.Com
NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111